लापरवाही | स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे सवाल, जांच के आदेश,मरीजों की सुरक्षा को लेकर चिंता

# अस्पताल में सफाईकर्मी द्वारा इंजेक्शन लगाने का आरोप



**नवभारत,नरसिंहपुर,साईंखेड़ा, गाडरवारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साईंखेड़ा से सामने आए एक वायरल वीडियो ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो में एक महिला सफाईकर्मी कथित रूप से मरीज को इंजेक्शन लगाते और सलाइन चढ़ाते हुए दिखाई दे रही है। यदि वीडियो में दिखाई गई गतिविधियां सही पाई जाती हैं, तो यह गंभीर लापरवाही का मामला माना जा सकता है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि अस्पताल में स्टाफ की कमी और निगरानी के अभाव के चलते कई बार गैर-प्रशिक्षित कर्मचारियों से भी चिकित्सकीय कार्य कराए जाते हैं। लोगों का कहना है कि इस तरह की व्यवस्था मरीजों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है और इससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े होते हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी गाडरवारा सिविल अस्पताल में इसी प्रकार का मामला सामने आने की चर्चा रही है, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठे थे।

### जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

अब साईंखेड़ा का यह वीडियो सामने आने के बाद एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की जवाबदेही चर्चा में है। मामले को लेकर ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. आदित्य रघुवंशी ने कहा है कि वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है तथा संबंधित कर्मचारियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और लोगों की निगाहें जांच के परिणाम तथा प्रशासनिक कार्यवाही पर टिकी हुई हैं। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पतालों में केवल प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मियों से ही चिकित्सकीय कार्य कराए जाने चाहिए, ताकि मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता बनी रहे।

## कैरियर मार्गदर्शन की जरूरत

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों हायर सेकंडरी और हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित हो चूके हैं। हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके छात्रों को आगे हायर सेकंडरी स्कूल में दाखिला लेने से पहले उनकी रुचि और योग्यता के अनुसार कौन सा विषय उपयुक्त रहेगा और जो छात्र हायर सेकंडरी स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं उन्हें बाहर जाकर किस विषय से कोचिंग या मार्ग दर्शन लेकर आगे क्या करना चाहिए इस विषय को लेकर उचित मार्गदर्शन की दिशा में तेंदूखेड़ा में एक बहुत अभाव बना हुआ है। चूंकि पढ़ें लिखे परिवारों के छात्र तो उनके पाल्यों से मार्गदर्शन या उनके सोर्सों का लाभ लेकर बाहर चले जाते हैं। लेकिन निर्धन परिवारों के छात्र जो कि बाहर भेजने में सक्षम नहीं है वह स्थानीय कालेजों में ही दाखिला लेकर भटक जातें हैं।या फिर कहीं भी प्राइवेट क्षेत्र में काम में लग जातें हैं। ऐसी स्थिति में तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय पर एक तहसील स्तरीय केरियर मार्गदर्शन की नितांत आवश्यकता है। चूंकि जिला स्तर या अन्य स्थानों पर तो यह व्यवस्था मिल जाती है लेकिन तेंदूखेड़ा क्षेत्र में इस विषय का अभाव शुरू से ही बना हुआ है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र से बहुत से छात्र छात्राएं है जो शासकीय स्कूलों या प्राइवेट स्कूलों से अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए हैं। अब उन्हें उचित मार्गदर्शन की जरूरत है।

# मंत्री सिंह की पहल से साईंखेड़ा को मिली बड़ी सौगात



**नवभारत,साईंखेड़ा।** नगर की विद्युत व्यवस्था को मजबूत एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह की पहल पर महत्वपूर्ण कार्यों का शुभारंभ किया गया है। नगर के वार्ड क्रमांक 1, 5, 8 एवं 15 में विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए 4 नए डीपी ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही विद्युत केबल सुधारीकरण के लिए स्वीकृत 10 लाख रुपये की राशि से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। रविवार को वार्ड स्थित खिरका मोहल्ला में नई हैवी विद्युत केबल लाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। लंबे समय से इस क्षेत्र के नागरिक बिजली के जर्जर तारों के कारण परेशान थे। आए दिन तार टूटने की घटनाएं होने से न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती थी, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता था। क्षेत्रवासियों द्वारा इस समस्या की शिकायत नगर परिषद एवं विद्युत विभाग से लगातार की जा रही थी। माननीय मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रयासों से स्वीकृत इस कार्य के शुरू होने पर नागरिकों ने राहत की सांस ली है। नए डीपी ट्रांसफार्मरों की स्थापना से संबंधित वार्डों में ओवरलोडिंग की समस्या समाप्त होगी, जिससे बार-बार होने वाले विद्युत व्यवधानों में कमी आएगी। वहीं नई हैवी केबल लाइन से विद्युत व्यवस्था अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बनेगी। जानकारी के अनुसार नगर के मुख्य मार्गों एवं आवश्यकता वाले क्षेत्रों में भी चरणबद्ध तरीके से नवीन केवलीकरण का कार्य विद्युत विभाग द्वारा किया जाएगा, जिससे पूरे नगर की विद्युत व्यवस्था में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कीरत सिंह पटेल, नगर परिषद सभापति एवं पार्षद ओमप्रकाश पटेल तथा भाजपा कार्यकर्ता मनजीत पटेल उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी विकास कार्यों की गति बनी रहेगी। क्षेत्र के नागरिकों ने माननीय मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी तत्परता एवं जनहितैषी सोच के कारण नगर की वर्षों पुरानी बिजली संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान संभव हो रहा है। नागरिकों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार विकास कार्यों के माध्यम से नगर को नई सौगातें मिलती रहेंगी।

# मन की बात कृषकों के साथ शिक्षा मंत्री ने भी सुनी

**नवभारत,करेली।** मध्य प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने रविवार सुबह मंगलम कॉम्प्लेक्स गृह ग्राम लोलरी में क्षेत्र के प्रगतिशील युवा कृषकों, जो उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य व नवाचार कर रहे हैं, ऐसे सभी युवा प्रगतिशील कृषकों के साथ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना एवं उन्नत कृषि, बागवानी, खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन और जल संरक्षण सहित अनेक संदर्भ में माननीय प्रधानमंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया। मन की बात कार्यक्रम के उपरांत मंत्री श्री राव ने उपस्थित सभी युवा कृषकों से उन्नत कृषि को लेकर चर्चा की व सभी का उत्साहवर्धन किया।



# तीन साल में ही उखड़ी गोटेगांव एसडीएम कार्यालय की सड़क, भवन में आईं दरारें

**नवभारत,गोटेगांव।** लाखों रुपये की लागत से करीब तीन साल पहले बना नया एसडीएम कार्यालय भवन और परिसर की सड़क अब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। घटिया निर्माण गुणवत्ता के कारण भवन की दीवारों से पुट्टी और कंक्रीट झड़ने लगी है, साथ ही जगह-जगह सीलन और दरारें साफ नजर आ रही हैं। सबसे बदतर हालत परिसर की सड़क की है, जहां घटिया गिट्टी के इस्तेमाल के कारण महज तीन साल में ही सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है, जिससे अब यहां पैदल चलना भी दूभर हो गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निर्माण के समय भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे, लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया।

# 72 मरीजों का परीक्षण, 12 में मिले कैंसर के शुरुआती लक्षण




**नवभारत,गाडरवारा।** रोटरी क्लब गाडरवारा के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय महावीर भवन में विशाल कैंसर जागरूकता, निःशुल्क कैंसर परीक्षण एवं निदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम रावत (प्रोफेसर, मेडिकल कॉलेज जबलपुर) एवं उनकी विशेषज्ञ टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में लगभग 72 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से करीब 12 मरीजों में कैंसर के शुरुआती लक्षण पाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी विनीत माहेश्वरी ने कहा कि कैंसर एक अत्यंत गंभीर एवं जानलेवा बीमारी है। लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित यह शिविर समाजहित में एक सराहनीय पहल है। समाजसेवी दिनेश मालपानी ने कहा कि विश्वभर में कैंसर के कारण लाखों लोगों की मृत्यु हो चुकी है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को इस बीमारी के प्रति सजग रहने और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहने की आवश्यकता है। कैंसर विशेषज्ञ डॉ. श्याम रावत ने अपने संबोधन में कहा कि कैंसर के शुरुआती लक्षणों की पहचान और समय पर उपचार अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि बीमारी की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान हो जाए तो उपचार की सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है। रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर अशोक राजपूत ने कहा कि रोटरी क्लब का मूल उद्देश्य समाजसेवा और पीड़ित मानवता की सेवा करना है। क्लब निरंतर जनहित से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। वहीं असिस्टेंट गवर्नर मिनेन्द्र डागा ने कहा कि रोटरी क्लब की स्थापना ही समाजसेवा के उद्देश्य से हुई है और संस्था समय-समय पर विभिन्न सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का संचालन करती रहती है। क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र साहू ने शिविर की रूपरेखा एवं उद्देश्य की जानकारी दी।




# तम्बाकू निषेध दिवस पर गायत्री परिवार ने निकाली रैली

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत रविवार 31मई तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर शांति कुंज हरिद्वार के द्वारा मिले मार्गदर्शन में गायत्री परिवार तहसील तेंदूखेड़ा द्वारा समीपी ग्राम गुटोरी में गायत्री परिवार के पदाधिकारियों और तहसील सदस्यों ने ग्राम के मुख्य मार्गों से एक व्यसन मुक्त रैली निकाली और व्यसनों से दूर रहने के लिए गांव में जन जागरण किया। तथा सभी ने सामुहिक रुप से शपथ ली अपने परिवार गांव में नशा नहीं करने देंगे। गायत्री परिजनों ने स्पष्ट किया कि नशा करने वाले व्यक्तियों का जहां शरीर बर्बाद हो जाता है वहीं परिवार में कलह लड़ाई झगड़े बनें रहते हैं।धन की बर्बादी से कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं। जमीन जायदाद गिरवी रखने बिकने के कारण परिवार के भरण पोषण के लाले पड़े हुए हैं।

## एक नजर में



### बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे हाईवा, हादसे को दे रहे आमंत्रण

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर और ग्रामीण इलाकों में बिना नंबर प्लेट के भारी डम्फर खुलेआम दौड़ रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि रफ्तार तेज होने के कारण ये वाहन अक्सर हादसों का सबब बनते हैं और नंबर न होने से दुर्घटना के बाद इनकी पहचान करना भी मुश्किल होता है। नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि आम लोगों का चालान काटने वाला प्रशासन इन डम्फरों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा, लोगों ने मांग की है कि प्रशासन तुरंत चेकिंग अभियान चलाकर इन बिना नंबर वाले वाहनों को जब्त करे।




### 27 कार्टून अवैध देशी शराब जब्त

**नवभारत,करेली।** पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान जा रहा है। अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर, बड़ी मात्रा में अवेध शराब जप्त की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा करेली बायपास रोड स्थित इमलिया पुल के पास उक्त वाहन को रोकने में सफलता प्राप्त हुयी। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 27 कार्टून देशी मदिरा बरामद हुई, जिसमें 17 कार्टून देशी मदिरा मसाला एवं 10 कार्टून देशी मदिरा प्लेन पाई गई। पाव (243 बल्क लीटर) शराब, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,40,000 है, जप्त की गई। अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त कार जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार मौके से वाहन चालक डेलन मल्लाह (26 वर्ष) निवासी राम पिपरिया, थाना कोतवाली नरसिंहपुर एवं मुजम्मिल उसमानी (19 वर्ष) निवासी मुशरान वन, महाजनी वार्ड नरसिंहपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, नगदी राशि तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त स्विफ्ट कार (कीमत लगभग 7 लाख) भी जप्त की गई। कार्यवाही में मुख्य भूमिका, उक्त कार्यवाही में थाना करेली से थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नाकर हिंग्वे उप निरीक्षक अनिल अजमेरीया उप निरीक्षक विजय धुर्वे उप निरीक्षक अनिल सिंह सउनि सतीश राजपूत, सउनि, नरेश आरसे प्र.आर. गजराज आरक्षक चेतन तंतुवाय सचिन लोधी, राजेन्द्र उइके, ब्रजेश दीक्षित विपिन लोधी, अमित यादव ईषनलाल वाडीवा, आरक्षक सुनील की मुख्य भूमिका रही है।

## आरपी सकवार सेवानिवृत

**नवभारत,करेली।** करेली के बारहबड़ा प्रभारी आरपी सकवार ने कार्यालयीन सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत हो गए। उनका विदाई सम्मान समारोह कृष्णा होटल में आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस के बृजपुरिया, आर एस रघुवंशी एवं जिला अध्यक्ष सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी संघ भोजराज चौधरी तहसील करेली पेंशनर समाज अध्यक्ष सुधीर रघुवंशी की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ । सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सकवार जी के कार्यों की प्रशंसा की और उन्हें ईमानदार, लगनशील, कर्तव्यनिष्ठ एवं मेहनती व्यक्ति बताया और सेवा उपरांत उनके स्वस्थ दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर समस्त करेली क्षेत्र की समस्त पशु चिकित्सक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी, समस्त स्टाफ गौ सेवक बंधु, मैत्री बंधु एवं पारिवारिक के सदस्य उपस्थित रहे।



# तम्बाकू निषेध दिवस पर गायत्री परिवार ने निकाली नशामुक्ति जनजागरण रैली

**नवभारत,गाडरवारा।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित सप्तक्रांति अभियानों के अंतर्गत नशामुक्ति जनजागरण रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य समाज को तम्बाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। गायत्री परिवार गाडरवारा द्वारा आयोजित यह रैली स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ से प्रारंभ होकर शासकीय अस्पताल रोड, अलका टाकीज रोड, इंदिरा मार्केट, शिवालय चौक एवं श्याम टाकीज मार्ग से होते हुए पुनः शक्तिपीठ पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में शामिल गायत्री परिजन हाथों में नशामुक्ति संबंधी बैनर, पोस्टर, झंडे एवं पम्पलेट लेकर चल रहे थे तथा नशा छोड़ने के प्रेरणादायक नारे और गीतों के माध्यम से जनजागरण कर रहे थे। रैली के दौरान विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने नशे के दुष्परिणामों पर आधारित संदेशों एवं प्रज्ञा गीतों की सराहना की। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी रैली में शामिल हुए और गायत्री शक्तिपीठ पहुंचकर समापन अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में सहभागिता की।

# बालिका छात्रावास खोलने की मांग पर शासन प्रशासन मौन

**नवभारत,तेंदूखेडा।** शिक्षा को लेकर दिनों दिन छात्राओं की बढ़ती संख्या और प्रतिदिन आवागमन की समस्या को देखते हुए तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित तेंदूखेडा में बालिका छात्रावास खोलने की मांग काफी लंबे समय से चली आ रही है। इसके बावजूद भी शासन प्रशासन द्वारा अभी तक इस दिशा में कोई उचित पहल नहीं की है।

यदि पिछले आंकड़े उठाकर देखें तो तेंदूखेडा में आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग तीन सौ से चार सौ छात्रायें हायर सेकंडरी स्कूल और उच्च शिक्षा ग्रहण करने 10 से 25 किमी दूर बाहर से आकर शिक्षा ग्रहण किया करती है । एक परिसर शाला के हिसाब से यहां पर कक्षा छठवीं से बारहवीं तक एक हजार के लगभग छात्राएं शामिल हैं। विगत वर्ष का आंकड़ा उठाकर देखें तो इनमें मिडिल स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। जिनमें पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति वर्ग और अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्रायें है। पिछले वर्ष के आंकड़े उठाकर देखें तो कक्षा छठवीं से बारहवीं तक पिछड़ा वर्ग में 474 छात्राएं अनुसूचित जाति में 160 और जन जाति में 118 छात्राएं अध्ययन किया करती थीं। शासकीय महाविद्यालय में पिछड़ा वर्ग में 112 छात्राएं अनुसूचित जाति की 35 और जनजाति वर्ग की 27 छात्राएं अध्ययन करने आती हैं। जो बाहर से आना जाना किया करतीं हैं। चूंकि इस आंकड़े में अशासकीय विद्यालयों की संख्या शामिल नहीं।इन स्कूलों में सैकड़ों छात्राएं अध्ययन किया करती है। सुबह स्कूल और कालेज मिलाने से लेकर टाइमिंग यात्री बसों को मिलाने के लिए इन छात्राओं को अपनी दैनिक सभी गतिविधियों से निवृत्त होकर आना फिर वापस लौटना फिर बसों में उन सभी परिस्थितियों का सामना करना जो सफर के दौरान देखने मिला करतीं हैं । इतना ही नहीं तेंदूखेड़ा के बस स्टैंड से इन छात्राओं को एक से डेढ़ किमी दूर पैदल जाना पड़ता है। और वापस लौट कर आना पड़ता है। छुट्टी के बाद शाम को वापस जाने के बाद छात्रायें प्राय: थक जाती है। और सर्दियों के दिनों में ज्यादा परेशानी हुआ करती है। इन सभी झंझावतों से बचने के लिए तहसील मुख्यालय तेंदूखेडा में शासकीय प्री मैट्रिक हरिजन आदवासी पिछडा वर्ग छात्रावास की महती आवश्यकता है। जिसमें छात्राओं को यहाँ रहने के लिए व्यवस्था बन सके इस व्यवस्था से जहाँ प्रतिदिन आने जाने की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा वहीं पालक वर्ग की समस्या भी खत्म होने के साथ चिंता भी मिट जायेगी। इस विषय को काफी लंबे समय से क्षेत्रीय लोगो द्वारा मांग भी रखी जा रही है लेकिन अभी तक निराकरण ना हो पाना सोचनीय विषय बना हुआ है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पूर्व में प्रयास तो किये थे लेकिन आज तक सफलता नहीं मिल सकी है। तेंदूखेड़ा और आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के पालक अपनी बालिकाओं को पढ़ाने के लिए तेंदूखेड़ा में एक शासकीय बालिका छात्रावास की मांग करतें हैं।

# तालाब की सफाई कर दिया स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश

## दहलवाड़ा में ग्रामीणों ने किया श्रमदान, जल स्रोतों के संरक्षण का लिया संकल्प



**नवभारत,साईंखेड़ा।** जनपद पंचायत साईंखेड़ा अंतर्गत ग्राम दहलवाड़ा में प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात से प्रेरणा लेकर तथा क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में ग्रामीणों द्वारा तालाब सफाई एवं जल संरक्षण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के तहत ग्रामवासियों ने सामूहिक श्रमदान कर तालाब की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश दिया। अभियान में किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर तालाब में फैली गंदगी, जलकुंभी और अन्य अवांछित सामग्री को हटाया तथा जल स्रोत को स्वच्छ एवं उपयोगी बनाने का प्रयास किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प भी लिया। आमगांव छोटा मंडल के महामंत्री प्रतिनिधि ग्राम के युवा सरपंच राहुल पटेल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि शुभम पटेल सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जल जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल स्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। वक्ताओं ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लगातार स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी पर जोर दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए ग्राम दहलवाड़ा में यह विशेष अभियान आयोजित किया गया, जिससे लोगों में जल स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़े और समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचे।

### समाज की सामूहिक जिम्मेदारी

अभियान के दौरान ग्रामीणों से वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, जल का दुरुपयोग रोकने तथा तालाबों, कुओं एवं अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने की अपील की गई। ग्रामीणों ने भी जल बचाने और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लेते हुए कहा कि ऐसे जनहितकारी अभियान भविष्य में भी निरंतर संचालित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि स्वच्छता और जल संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा जनभागीदारी से ही इन अभियानों को सफल बनाया जा सकता है। ग्रामीणों के इस प्रयास की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।



# मां नर्मदा की सहायक नदी उमर का सर्वेक्षण

**नवभारत,साईंखेड़ा।** मध्य प्रदेश की जीवनदायिनी मां नर्मदा के जल को निर्मल एवं प्रवाह को अविरल बनाए रखने तथा नर्मदा घाटी के समग्र विकास के उद्देश्य से मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के निर्देशों के तहत जन-जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नर्मदा मैया से जुड़ी सहायक नदियों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रदेश के 51 विकासखंडों में सर्वेक्षण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। नरसिंहपुर जिले में परिषद के जिला समन्वयक जय नारायण शर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड साईंखेड़ा की सहायक नदी उमर नदी के उद्गम स्थल से संगम क्षेत्र तक सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया गया। विकासखंड समन्वयक स्मिता डंडे के सानिध्य में संचालित इस सर्वेक्षण अभियान की शुरुआत ग्राम झांझनखेड़ा से की गई। सर्वेक्षण के दौरान नदी की वर्तमान स्थिति, जल स्त्रोतों, प्रदूषण के संभावित कारणों तथा संरक्षण की आवश्यकताओं का अध्ययन किया जा रहा है।